अति तत्काल

सं. 0746/हिं.क./शील्ड रिपोर्ट/14-15
कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक,
उलन बटार मार्ग, पालम,
दिल्ली छावनी
दिनांक : 06 जुलाई 2015

सेवा में,

सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/
रक्षा लेखा नियंत्रक/प्रधान लेखा नियंत्रक(फै.)

विषय : राजभाषा कार्य-निष्पादन के आधार पर राजभाषा शील्ड प्रदान करना : वर्ष 2014-15

संदर्भ : रक्षा मंत्रालय (वित्त) का दिनांक 15.06.2015 का.ज्ञा.सं. ई-11012/1/2015-हिंदी

रक्षा मंत्रालय (वित्त) का उपर्युक्त विषयक संदर्भित कार्यालय ज्ञापन वैबसाइट के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई के लिए अग्रेषित किया जाता है। अनुरोध है कि अपेक्षित सूचना निर्धारित तारीख तक सीधे मंत्रालय को प्रेषित कर दी जाए। वर्ष 2014-15 के लिए भेजी गई इससे पूर्व की प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

शील्ड योजना प्रपत्र हेतु वेबसाइट का लिंक :

www.cgda.nic.in→ राजभाषा कोना → राजभाषा कार्य-निष्पादन के आधार पर राजभाषा शील्ड योजना प्रपत्र

(दिलीप कुमार)
सहायक निदेशक(रा.भा.)

प्रतिलिपि :-

सहायक निदेशक(रा.भा.),
रक्षा मंत्रालय(वित्त), - सूचनार्थ
कमरा सं. 130, 'बी' विंग,
सेना भवन, नई दिल्ली-11

ईडीपी केन्द्र(स्थानीय) - वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(दिलीप कुमार)
सहायक निदेशक(रा.भा.)

118

श्री रवि
कृपया 22/6/15

सं0 ई-11012/1/2015-हिंदी
भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
(वित्त प्रभाग)

कमरा सं0 130, सेना भवन,
नई दिल्ली, दिनांक 15.06.2015

कार्यालय ज्ञापन

केन्द्र सरकार की राजभाषा नीति, संसदीय राजभाषा समिति की सिफारिशों के अनुपालन तथा राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर जारी हिंदी के प्रचार प्रसार संबंधी विभिन्न उपबंधों के प्रभावी अनुपालन हेतु रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग) द्वारा रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयो से अखिल भारतीय रक्षा लेखा राजभाषा शील्ड पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती है । ये पुरस्कार क,ख एवं ग राजभाषाई क्षेत्रों में स्थित रक्षा लेखा विभाग के प्रधान रक्षा लेखा नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों को राजभाषा कार्य निष्पादन के आधार पर प्रत्येक राजभाषाई क्षेत्र के लिए अलग-अलग प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय नाम से प्रदान किये जाएंगे।

रक्षा लेखा विभाग के रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक कार्यालयों/नियंत्रक कार्यालयों से अनुरोध है कि वे संलग्न प्रश्नावली जिसमें **1 अप्रैल, 2014 से 31 मार्च, 2015** तक के कार्यों का ब्यौरा हो, भरकर अपनी प्रविष्टियां दिनांक **31 जुलाई, 2015** तक सहायक निदेशक (रा0भा0), कमरा नं0 130, बी विंग, सेना भवन, नई दिल्ली को भेज दें ताकि उपयुक्त पुरस्कारों के लिए उनकी प्रविष्टियों पर विचार किया जा सके ।

(नरेन्द्रनाथ त्रिपाठी)
सहायक निदेशक (रा0भा0)
दूरभाष 23013395

प्रति प्रेषित:-
रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय,
उलान बटार मार्ग, दिल्ली छावनी, पालम
को इस अनुरोध के साथ कि सभी अधीनस्थ रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों में इन पुरस्कारों के संबंध में प्रचार-प्रसार किया जाए तथा उन्हें प्रविष्टियां भेजने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। यह भी अनुरोध है कि इस योजना को रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाए।

#1889 P.001 15/06 2015 10:59